तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]




13 नगरी में आवारा कुत्तों के खिलाफ विशेष अभियान


14 आकाशगिरी को स्व.हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान मिला







## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 24 तक

**नगरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नगरी सिहावा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसाय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल, फिटर, विद्युतकार एवं सेविंग टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न व्यवसाय में प्रवेश दिया जाएगा।

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की बैठक 21 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ कुरूद ब्लॉक की मासिक बैठक 21 जुलाई मंगलवार को दोपहर 12 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई। कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष नूतनकुमार साहू, सचिव टेमनलाल साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया कि बैठक में संघ की रणनीति बनाने के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लॉक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### कालसर्प दोष शांति पूजन 19 अगस्त को

**धमतरी।** इस वर्ष भी कालसर्प दोष शांति पूजन को लेकर विप्र विद्वत परिषद की बैठक हुई। 19 अगस्त को रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में कालसर्प दोष शांति पूजन का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पंजीयन शुल्क 3100 रूपये है। पंजीयन गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक सदर बाजार रोड में किया जा रहा है। बैठक में परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय, होमनप्रसाद शास्त्री, संतोष तिवारी, महेश शास्त्री, अयोध्या पाण्डेय, राजा तिवारी, महेन्द्र तिवारी, अशोक शास्त्री, राजू त्रिपाठी, चिन्तामणि त्रिपाठी, राजकिशोर पाण्डेय, संदीप दुबे, अरूण उपाध्याय, श्रीकांत तिवारी, शैलेन्द्र पाण्डेय, नरेश पाण्डेय उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### बिच्छू के डंक से बुजुर्ग की मौत

**धमतरी।** पेड़ में हाथ रखकर खड़े एक बुजुर्ग को बिच्छू ने डंक मार दिया। इस घटना में बुजुर्ग की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के



अनुसार भखारा निवासी परदेशीराम साहू पिता कोदूराम उम्र 83 वर्ष अक्सर घर पर ही रहता था। कभी-कभी वह खेत देखने चला जाता था। शुक्रवार को भी बुजुर्ग खेत गया था। दोपहर के समय बुजुर्ग खेत की मेड़ पर स्थित कौहा पेड़ में अपना बायां हाथ रखकर खड़ा था। इसी दौरान पेड़ पर चढ़े जहरीले बिच्छू ने उसके हाथ को डंक मार दिया। परिजन उपचार के लिए उसे भखारा के निजी अस्पताल ले गए जहां से बुजुर्ग को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात्रि बुजुर्ग की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

---

तिमाही परीक्षा सिर पर, पढ़ाई का ठिकाना नहीं, शिक्षक से लेकर छात्र सब परेशान

# एक माह बाद भी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्कूल खुले एक माह से अधिक हो गए हैं। एक माह बाद तिमाही परीक्षा है, लेकिन अब तक 100 से ज्यादा स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। अधिकांश स्कूलों में पुरानी किताबों से पढ़ाई हो रही है। सबसे ज्यादा समस्या कक्षा सातवीं को लेकर है, जिसका सिलेबस बदल गया है। किताबें नहीं होने से इस कक्षा की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित है।

सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने के दावों की पोल खुल रही है। कमजोर व्यवस्था के चलते 138 में से 37 संकुलों में पाठ्यपुस्तकें ही नहीं पहुंची हैं। इन संकुलों में 100 से ज्यादा स्कूल आते हैं। पुस्तक नहीं होने के कारण इन स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पालकों ने बताया कि सत्र के शुरुआती दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। प्रारंभ की पढ़ाई ही आगे की पढ़ाई की नींव बनती है। अब तो स्कूल खुले एक माह से ज्यादा का समय हो गया है। ऐसे में पढ़ाई काफी आगे निकल चुकी है। पढ़ाई तो लगातार चल रही है, लेकिन छात्रों के पास किताबें नहीं होने से उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। यदि अब भी पुस्तकें उपलब्ध नहीं होती है तो इसका असर पूरे शैक्षणिक सत्र पर पड़ेगा। छात्रों की पढ़ाई की गति भी प्रभावित होती है और परीक्षा की तैयारी में भी दिक्कतें आयेंगी। जानकारी के अनुसार एक माह बाद तिमाही परीक्षा होगी। ऐसे में छात्र चाहकर भी पढ़ाई में फोकस नहीं कर पा रहे हैं।



### कक्षा सातवीं में पुरानी पुस्तकें भी नहीं

सबसे ज्यादा पढ़ाई प्रभावित कक्षा सातवीं के छात्रों की हो रही है। इस कक्षा का सिलेबस बदल गया है। ऐसे में बुक बैंक की पुरानी किताबें भी काम नहीं आ रही हैं। पढ़ाई जारी रखने के लिए शिक्षकों को दूसरे संकुलों से किताब दी गई है, पर छात्र अभी भी बिना किताब के पढ़ाई कर रहे हैं। कई छात्र जिनके पास सुविधा है, वे मोबाइल में किताब का पीडीएफ रखे हुए हैं, लेकिन अधिकांश छात्रों के पास इस प्रकार की सुविधा नहीं है।

### बुक बैंक से चल रहा काम

लगभग सभी सरकारी स्कूलों में बुक बैंक बनाया गया है। छात्रों को जो किताबें मिलती हैं, शैक्षणिक सत्र के अंत में छात्रों से उन किताबों को लेकर बुक बैंक में जमा कर दिया जाता है। नई किताबें नहीं आई हैं। ऐसी स्थिति में इन स्कूलों में छात्रों को बुक बैंक से ही पुरानी किताबें दी गई है, जिससे पढ़ाई चल रही है। उल्लेखनीय है कि हर साल शिक्षण सत्र के आरंभ में ही छात्रों को किताबें बांट दी जाती थी। इस साल पाठ्यपुस्तक निगम की वितरण व्यवस्था कमजोर है। पुस्तकों को संकुलों में पहुंचाने का जिसे ठेका दिया गया है, वह अभी तक पुस्तकों को सभी संकुलों में नहीं पहुंचा सका है।

---

# एफसीआई हमालों को नहीं मिल रहा श्रम योजना का लाभ

- कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ एफसीआई मजदूर एकता यूनियन ने हमाल श्रमिकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। यूनियन ने जिलाधीश के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

भारतीय खाद्य निगम धमतरी डिपो के हमाल मजदूरों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट में हल्ला बोला। यूनियन ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अधारी नवागांव स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में 9 वर्षों से 100 मजदूर लगातार काम कर रहे थे। एफसीआई ठेकेदारी प्रथा पर प्रत्येक 2 वर्ष का अनुबंध प्रति मानक बोरा मजदूरी दर पर किया जाता है। पूर्व के ठेकेदारों द्वारा प्रतिमाह की सात तारीख तक मजदूरों के खाते पर मजदूरी राशि आती थी। 12 नवम्बर 2025 को होरा ट्रांसपोर्ट कंपनी ने ठेका प्राप्त किया। 15 जुलाई तक हमाल समूह के साथ कंपनी ने अनुबंधित कार्य नहीं किया है। प्रत्येक माह मजदूरी देर से दी जाती है।

यूनियन ने पांच सूत्रीय मांगों में कहा है कि कंपनी द्वारा हमाल समूह के साथ 15 दिनों के भीतर अनुबंध करने, प्रत्येक माह की पांच तारीख तक हमालों के बैंक खाते में मजदूरी का भुगतान करने, हमालों की मजदूरी से नियमानुसार भविष्य निधि जमा करने, भविष्य निधि में ठेकेदार द्वारा विसंगतियों को दूर करने, कर्मचारी राज्य बीमा निगम का लाभ दिलाने तथा शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना का लाभ एफसीआई में कार्यरत मजदूरों एवं चिल्हर हमालों को दिलाने की मांग की है।

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान युवराज सिंह साहू, रवि कुमार ध्रुव, प्रेमलाल, विशाल यादव, चित्रसेन साहू, महेश, सोनूराम, राकेश, बलराम, विरेन्द्र, हेमलाल, तरूण, नंदलाल साहू, देवनारायण निर्मलकर, संतोष निषाद, दीपक, अजीत, सतीश, राधेश्याम साहू, नंदकुमार, कमलनारायण, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में हमाल श्रमिक मौजूद थे।

---

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**धमतरी।** उत्कृष्ट विवेचना एवं सशक्त सबूतों के आधार पर नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष की कठोर सजा से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार बिरेझर पुलिस चौकी में वर्ष 2024 में प्राप्त शिकायत के आधार पर धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार पतासाजी की गई। तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पीड़ित बालिका को सकुशल बरामद किया। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कोमल लहरे पिता इतवारीराम उम्र 21 वर्ष ग्राम मोहदा थाना अम्लेश्वर जिला दुर्ग निवासी के खिलाफ 363, 366, 376(2)(जे)(एन) तथा पाक्सो एक्ट 2012 की धारा 6 के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों से संतुष्ट होकर आरोपी को दोषी ठहराते हुए धारा 363 अंतर्गत 7 वर्ष, धारा 366 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1-1 हजार रुपये अर्थदंड तथा पाक्सो एक्ट अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण की उत्कृष्ट विवेचना, सशक्त साक्ष्य संकलन एवं प्रभावी न्यायालयीन समन्वय के फलस्वरूप आरोपी कोमल लहरे को कठोर दंड दिलाने पर तत्कालीन विवेचना अधिकारी निरीक्षक चंद्रकांत साहू के कार्य की एसपी भावना पांडेय ने सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।



- सशक्त साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सुनाया फैसला

## जिले में भारी वर्षा के साथ वज्रपात की चेतावनी

**धमतरी।** जिले में मानसून सक्रिय है। रथयात्रा के दिन से अंचल में रूक-रूककर हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने 20 जुलाई तक मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश के साथ अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने की संभावना बताई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान पर चार सिनोप्टिक सिस्टम बने हुए हैं। गंगा के मैदान इलाके वाले पश्चिम बंगाल में समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। मानसून द्रोणिका अमृतसर, करनाल, हरदोई, रांची और दीघा से गुजर रही है। 0.9 किमी की ऊंचाई पर फैली यह द्रोणिका उत्तर : पश्चिम बंगाल की खाड़ी की तरफ आगे बढ़ रही है। पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर 1.5 से 3.1 किमी ऊंचाई के बीच ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। दक्षिण ओडिशा एवं आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण स्थित है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी वर्षा तथा गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।



- मानसून सक्रिय, 20 जुलाई तक बारिश के आसार

### अधिकतम-न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री का अंतर

मानसूनी हवाओं और बारिश से जिले के अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान के बीच तीन डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मानसूनी बारिश से किसानों में उत्साह है वहीं उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है।







# सौर ऊर्जा : ठेनही बना जिले का पहला सामूहिक सोलर प्लांट वाला गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी विकासखंड में बसा ग्राम ठेनही जल्द ही विकास की नई रोशनी से जगमगायेगा। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत ठेनही जिले का पहला गांव बन गया है, जहां सामूहिक सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा गया है। यह पहल न केवल ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराएगी, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

यह प्लांट वेंडरों द्वारा सब्सिडी राशि से योजना में गांव के कुल 71 परिवारों का 2-2 किलोवॉट के लिए पंजीयन किया गया है। कुल 142 किलोवॉट का सामूहिक सोलर प्लांट लगाया गया है। प्लांट के लिए गांव से करीब 50-75 मीटर दूरी पर जमीन उपलब्ध करायी गयी है। उपसरपंच रूपेश्वर नाग ने बताया कि किसी ग्रामीण से कोई राशि नहीं ली गयी है। घरों में कनेक्शन का काम शुरू होने वाला है। प्लांट लग गया है।

**25 अन्य गांवों के लिए भी कार्ययोजना तैयार :** यह परिवर्तन शासन की विकासोन्मुखी सोच और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ठेनही में सामूहिक सोलर प्लांट की सफलता के बाद नगरी विकासखंड के फरसियां, रतावा, दुगली सहित लगभग 25 अन्य गांवों में भी इसी प्रकार की परियोजनाएं स्थापित किए जाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

## 71 परिवारों को मिलेगा योजना का लाभ, 2-2 किलोवॉट के लिए हुआ पंजीयन

### ग्रामीणों को बिजली बिल से मिलेगा छुटकारा

कार्यपालन अभियंता विद्युत अनिल सोनी ने बताया कि आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होते ही प्लांट से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों को बिजली बिल के बोझ से काफी राहत मिलेगी तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उन्हें योजना का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे 55 गांवों का चयन किया गया है। जहां पक्के या छत वाले मकान नहीं है, बल्कि खपरैल वाले हैं।



### इस योजना से काफी राहत मिलेगी

ग्राम ठेनही निवासी छात्रसिंह यादव बताते हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब गांव में सोलर प्लांट लगने से बड़ी राहत मिलेगी। यह योजना ग्रामीणों के लिए आर्थिक बचत के साथ-साथ भविष्य के लिए भी लाभकारी है। इंदर सिंह नेताम न कहा कि हमारे गांव में सामूहिक सोलर प्लांट लगना बड़ी खुशी की बात है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा में हेमिन का चयन



**सिर्री।** शासकीय कन्या माध्यमिक शाला नारी की हेमिन साहू पिता नाथूराम प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली छात्रा रही है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर हर्ष का माहौल है। डेमिन साहू सरपंच नारी, हाईस्कूल प्राचार्य पीके ध्रुव, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला उमरावसिंह निषाद, के. साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, एसएमसी अध्यक्ष शेषनारायण दुबे एवं अध्यक्ष तीरथराम साहू, के.साहू, डी.नगारची, जी.कश्यप, टी.बंजारे, एन. साव कन्या मिडिल स्कूल नारी, श्री दीवान एवं हाईस्कूल के शिक्षक आरके साहू ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 31 तक

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2027 हेतु नामांकन प्रस्ताव 31 जुलाई तक केवल ऑनलाइन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट अवार्ड डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से चाही गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने नामांकन से संबंधित पात्र अभ्यर्थियों को पोर्टल में अपलोड कर दस्तावेज की एक प्रति जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी में अनिवार्यतः प्रेषित करने कहा है।

## रायपुर संभाग अध्यक्ष ने किया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा नारी का निरीक्षण

# हर पात्र किसान तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर संभाग के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा नारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक अधिकारी, कर्मचारियों, व्यवस्थापक एवं प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में दिलीप चक्रधारी प्राधिकृत अधिकारी कोकड़ी, नरेंद्र ध्रुवंशी प्राधिकृत अधिकारी दर्रा, कमलेश साहू नारी, गोपेश्वर साहू सरपंच कोकड़ी, उत्तम शर्मा, देवलाल साहू, नरेश साहू, महेंद्र साहू उपसरपंच शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि सहकारिता का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पशु पालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, गाय-भैंस आदि पशुधन कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उसका संरक्षण और पालन आवश्यक है। खेती, पशु पालन और श्रम को सम्मान दें। कृषि आर्थिक समृद्धि का आधार है। गौ पालन के लिए प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आज खेती के साथ पशुपालन और अन्य स्वरोजगार अपनाने की जरूरत है। सहकारी बैंक किसानों को केवल ऋण देने वाली संस्था नहीं, बल्कि उनके विकास और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। बैंक अधिकारी किसानों को योजनाओं की पूरी जानकारी दें और उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर बैंक एवं सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### सहकारी समितियां किसानों की सबसे बड़ी ताकत

उन्होंने ग्राम कोकड़ी की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के कर्मचारियों से कहा कि किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक, पशुपालन और गौपालन की जानकारी देकर उन्हें नई कृषि पद्धतियों से जोड़ें। किसानों को प्रेरित करें कि वे सहकारिता की योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि सहकारी समितियां किसानों की सबसे बड़ी ताकत हैं। यदि किसानों को सही समय पर खाद, ऋण, मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ मिले, तो गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी और किसान खुशहाल बनेंगे।



## अंचल की खबरें

### 9 बालिकाओं को लगा एचपीवी का टीका



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल लोहरसी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीका लगाया गया जिसमें 14 से 15 वर्ष के बीच की 9 बालिकाएं लाभान्वित हुईं। इस आयोजन में डॉ ओमेश्वरी ध्रुव, एआर मरकाम, एस चंद्राकर, पल्लवी देवांगन, अंबिका कतलाम का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य एमएम दास एवं स्टाफ ने इसकी सराहना की।

### परिवार सहित महारैली में शामिल होंगे सोसाइटी कर्मचारी



**पुरी।** छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छग धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ रायपुर के संयुक्त आह्वान पर जिले के सभी दैनिक, संविदा एवं नियमित सोसायटी कर्मचारी 20 जुलाई को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर परिवार सहित रायपुर के तुता धरनास्थल पर आयोजित महारैली में शामिल होंगे। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगें पिछले आठ माह से लंबित हैं। शासन के मौखिक आश्वासन पर आंदोलन स्थगित किया गया था, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। मनोज साहू, महादेव साहू, थानेश्वर देवांगन, तरुण साहू व चंद्रकुमार साहू ने बताया कि आंदोलन की लिखित सूचना कलेक्टर, उपपंजीयक, नोडल, खाद्य अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं सोसायटी अध्यक्षों को दे दी गई है।

### वैक्सीन लगवाने में छात्राओं में दिखा उत्साह



**कोर्रा(भखारा)।** आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरदेल ने अपने यहां इलाज के लिए आई 14 साल की पूनम साहू पिता लीलाराम साहू को स्कूल परिसर ले जाकर वैक्सीन लगाने की शुरुआत कराई। उसे देखकर सभी बेटियों में उत्साह बढ़ा। 93 छात्राओं ने वैक्सीन लगवाई। 69 छात्राओं ने स्कूल में और 24 छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगवाया। डॉक्टर हरदेल ने बताया कि यह वैक्सीन 14 साल से 15 साल उम्र के बीच लगाई जा रही है। यह सवाईकल कैंसर से बचाव करती है। भखारा स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गौरव बंगानी, जोशी सिस्टर और लोकेश सोनवानी ने अपनी सेवा दी।

# अंवरी में हुई मां शीतला की विशेष पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम अंवरी में मां शीतला जुड़वास मनाया गया। सावन के आगमन से पहले गांव में एक विशेष त्येहार मनाते हैं, जिससे शीतला जुड़वास के नाम से जाना जाता है। इसे गोंडी में माता पहुंचानी के नाम से भी जानते हैं।

भक्तों ने बताया कि शीतला जुड़वास के पीछे मान्यता है। भीषण गर्मी के बाद बरसात का मौसम आता है। इस दौरान लोगों को मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियों और इस भीषण गर्मी से राहत के लिए गांव के देवी-देवताओं की मुखिया शीतला दाई को सेवा अर्जी (पूजा) की जाती है। नीम की पत्तियों के साथ हल्दी का घोल लोगों के ऊपर एवं देवी-देवताओं पर छिड़का जाता है। इससे शांति पहुंचती है। महामाया समिति एवं सेवकों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए विशेष शिविर 20 एवं 21 को

- भखारा और मगरलोड में लगेगा शिकायत निवारण व सूर्यघर योजना शिविर

**कुरूद।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के उद्देश्य से छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर 20 जुलाई को नपं भखारा-भठेली कार्यालय तथा दूसरा शिविर 21 जुलाई को नपं मगरलोड कार्यालय में लगाया जाएगा।

शिविर में बिजली बिल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं जैसे गलत रीडिंग, अधिक बिल, नाम संशोधन, बकाया राशि की जानकारी तथा अन्य विद्युत सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना, केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी और योजना से होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी भी दी जाएगी। इच्छुक उपभोक्ताओं के ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन की सुविधा भी मौके पर उपलब्ध रहेगी।

कुरूद संभाग के कार्यपालन अभियंता अमित कुमार ने क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर इसका लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप के लिए आवेदन करने वाले उपभोक्ता अपने साथ बिजली बिल की प्रति, उपभोक्ता क्रमांक, आधार कार्ड तथा बैंक खाते का विवरण अवश्य लेकर आएं। विद्युत विभाग का कहना है कि इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# 19 छात्राओं को लगाई गई एचपीवी वैक्सीन



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेण्डरा में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान लगभग 19 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कार्यक्रम में डॉ. पीयूष सार्वा (मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी), डॉ. युगल किशोर साहू (आरएमए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा), श्रीमती रीता छाबड़ा (सेक्टर सुपरवाइज़र कोर्रा), डॉ. अजय कुमार चक्रधारी (आरएचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भेण्डरा), लक्ष्मी नेताम (आरएचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भेण्डरा) तथा मोहित कुमार साहू (एवीडीएस सेक्टर कोर्रा) की सहभागिता रही।

इस दौरान डॉ. पीयूष सार्वा ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव में वैक्सीन की भूमिका, टीकाकरण के लाभ, आवश्यक सावधानियों एवं इससे जुड़े सामान्य प्रश्नों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीकाकृत छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन प्रमाण-पत्र तथा गिफ्ट प्रदान किए गए।

# पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्ध महिला का कराया उपचार

- न्यायालयीन आदेश के बाद सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में धमतरी पुलिस कानून-व्यवस्था के साथ-साथ जनसेवा और मानवता के कार्यों को भी प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में चौकी बिरेझर पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ एक अज्ञात वृद्ध महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराकर संवेदनशीलता का परिचय दिया।



जानकारी के अनुसार 16 जुलाई की रात्रि ग्राम चिंवरी में लगभग 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला मानसिक रूप से विचलित अवस्था में भटकती हुई मिली। ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 की टीम एवं चौकी बिरेझर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित संरक्षण में लेकर चौकी लाई। महिला से नाम-पता पूछने का प्रयास किया गया, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह कोई जानकारी नहीं दे सकी।


पुलिस ने महिला को जिला चिकित्सालय लाकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। डॉक्टरों ने महिला के लिए उच्च स्तरीय मानसिक उपचार आवश्यक बताया। इस पर चौकी बिरेझर पुलिस ने माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुरूद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने महिला को राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय, सेंदरी (बिलासपुर) में भर्ती कराने के आदेश दिए।

न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए चौकी बिरेझर में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक ईशु कुमार साहू एवं महिला आरक्षक ललेश्वरी गावड़े ने महिला को सुरक्षित रूप से सेंदरी चिकित्सालय पहुंचाकर भर्ती कराया, जहां उसका उपचार शुरू हो गया।

## निधन

### नंदकुमार तारक

**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी नंदकुमार तारक उम्र 65 वर्ष का निधन 16 जुलाई गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे शारदा प्रकाश तारक, राजेंद्र तारक के पिता थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने भगवान सिंह, भगवती, नेकराम, टेकराम, हेमलाल, रंगुलाल, परदेशी समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।






## पुलिस स्कूलों में चला रही जागरूकता अभियान


# विद्यार्थियों को सुरक्षित भविष्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस स्कूलों में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओ को नशामुक्ति एवं यातायात जागरुकता के साथ-साथ सुरक्षित भविष्य का संदेश भी दे रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस जिले में नशामुक्ति अभियान तथा सड़क सुरक्षा जागरुकता को जन-जन पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरुकता कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी एवं टीम द्वारा मेनोनाइट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में नशामुक्ति एवं यातायात जागरुकता कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान नशे के दुष्परिणामों तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं व स्टाफ को नशे से दूर रहने, अपने मित्रों व परिवारजनों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने तथा समाज में जागरुकता फैलाने का संदेश दिया। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए विद्यालय परिसर में संचालित स्कूली बसों का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अर्जुनी पुलिस ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल देमार में जागरुकता कार्यक्रम कर छात्र- छात्राओ को नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओ व विद्यार्थियों को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, साइबर अपराधों तथा सोशल मीडिया गेमिंग एप के माध्यम से होने वाली आनलाइन ठगी के प्रति जागरुक करना, उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने तथा आनलाइन गेमिंग के दौरान आर्थिक लेन-देन से सतर्क रहने की सलाह दी गई।



Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# दिव्यांगता पर प्रतिभा की जीत, अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका धमतरी का सितारा

## सत्यांशु बने स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप-2026 टीम के मेडल विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्थक स्कूल धमतरी के विशेष खिलाड़ी सत्यांशु दीप ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। स्पेशल ओलंपिक्स भारत–छत्तीसगढ़ के माध्यम से भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम में चयनित होकर उन्होंने स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स गोथिया कप-2026 में देश का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के स्पेशल ओलंपिक्स ट्रॉफी वर्ग में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में भारत ने फिनलैंड को 2-1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।



### विशेष बच्चों के लिए बने प्रेरणा

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सत्यांशु दीप को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी विशेष खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सत्यांशु दीप ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, कठिन परिश्रम और अदम्य इच्छाशक्ति से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि शासन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और ऐसे खिलाड़ियों की उपलब्धियां समाज में सकारात्मक सोच तथा समावेशी विकास की भावना को मजबूत करती हैं।

सत्यांशु दीप की इस सफलता से धमतरी, छत्तीसगढ़ और पूरे देश का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सत्यांशु दीप, उनके माता-पिता एवं परिवारजनों, प्रशिक्षकों, सार्थक स्कूल, स्पेशल ओलंपिक्स भारत–छत्तीसगढ़ तथा भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम को भी बधाई दी। वहीं उप संचालक समाज कल्याण विभाग की डॉ. मनीषा पांडे ने कहा कि सत्यांशु दीप की सफलता विशेष बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि सत्यांशु दीप इससे पहले राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप, रोहतक (हरियाणा) में लॉन्ग जंप में स्वर्ण तथा 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत चुके हैं, जिसके आधार पर उनका चयन भारतीय स्पेशल ओलंपिक्स फुटबॉल टीम में हुआ।

## खबर संक्षेप



### व्यापारी संगठन कैट ने की एसपी से मुलाकात

**धमतरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कैट के धमतरी जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, कार्यकारी अध्यक्ष सलज अग्रवाल, रामू वाधवानी, उपाध्यक्ष सुरेश महावर, प्रमोद गुप्ता, धनराज लूनिया ने नवपदस्थ एसपी भावना पाण्डेय का स्वागत किया। इस दौरान व्यापार हित, ट्रैफिक एवं चालानी कार्रवाई पर चर्चा भी हुई। एसपी ने जिले के सभी व्यापारियों को सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष महेश जसूजा ने भी पुलिस टीम को सहयोग करने की बात कही। आपसी तालमेल से शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा हुई।

### सिवनीकला, परसवानी, भोथली में बनेगा पंचायत भवन





**सिर्री।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत प्रशासकीय अनुमोदन से समग्र योजना एवं वीबी जी राम जी अभिशरण के तहत छग शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों में पंचायत भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति हुई है। विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा एवं क्षेत्र क्रमांक 13 के जनपद सदस्य टेकराम साहू के प्रयास से ग्राम पंचायत सिवनीकला में राशि 18.30 लाख, ग्राम पंचायत भोथली में 18.30 लाख, ग्राम पंचायत परसवानी (दहदहा) में 18.30 लाख पंचायत भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। इससे ग्रामीणों में हर्ष है। राशि स्वीकृत होने पर लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला, दीपदान साहू उपसरपंच, सुरेश साहू, टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, ग्राम पटेल डा. सुरेश तारक, तोषू साहू, फेकू चन्द्राकर, भूषण साहू, किसन पटेल, लोमश, ओमप्रकाश, अंकुश चन्द्राकर, कृष्णा तारक, सरस, राधिका, लोमश, गायत्री, ममता, कुसुम, भोजराम पाल, रिखी चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

- प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 18 .30 लाख की मिली स्वीकृति

### रक्त से सने नक्सली हिड़मा को हीरो बता रही कांग्रेस : रंजना



**धमतरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हिडमा को प्रेरणादायक बताए जाने बाले बयान पर भाजपा ने तीखा हमला किया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नक्सल कमांडर माड़वी हिडमा को प्रेरणादायक बताना कांग्रेस की घटिया और देशविरोधी व राज्य शविरोधी मानसिकता को उजागर करता है। जिस हिडमा के हाथों दंतेवाड़ा, झीरम, बुर्कापाल और सुकमा में 122 से ज्यादा जवान शहीद हुए, जिसने बस्तर में खून की नदियां बहाईं, उसे प्रेरणा बताना शहीदों के परिवारों के साथ सबसे बड़ा धोखा है। कांग्रेस का नक्सलियों और आतंकवादियों से प्रेम कोई नया नहीं है। सत्ता के लिए ये लोग देश की सुरक्षा से भी समझौता करने को तैयार हैं। बघेल जी को शर्म आनी चाहिए। मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस तरह सुरक्षाबलों ने हिडमा जैसे खूंखार नक्सली का खात्मा कर बस्तर में शांति बहाल की है, कांग्रेस उस उपलब्धि को भी बदनाम करने पर तुली है। श्रीमती रंजना ने मांग की कि भूपेश बघेल तुरंत अपने बयान के लिए माफी मांगें और शहीद जवानों के परिवारों से क्षमा याचना करें।

## 9 आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन, स्टेरलाइजेशन और डी-वॉर्मिंग, जनसुरक्षा व पशु कल्याण पर जोर

# नगरी में आवारा कुत्तों के खिलाफ विशेष अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरवासियों की सुरक्षा, जनस्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों की लगातार बढ़ती संख्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत नगरी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा एबीसी ( एनीमल बर्थ कंट्रोल नियम, 2023 के तहत आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन, स्टेरलाइजेशन (नसबंदी) एवं डी-वॉर्मिंग का विशेष अभियान प्रारंभ किया। नगर के जागरूक जनप्रतिनिधियों की मांग पर चलाए गए इस अभियान में धमतरी नगर निगम की विशेषज्ञ टीम ने पूरे नगर में घूम-घूमकर चिन्हित आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छावड़ा ने बताया कि अभियान प्रारंभ होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने वार्डों में भ्रमण कर ऐसे आवारा एवं आक्रामक कुत्तों की पहचान की, जिनसे आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को परेशानी हो रही थी। चिन्हित कुत्तों की जानकारी विशेषज्ञ टीम को उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद पूरे नगर में विशेष अभियान चलाकर 9 आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका एंटी रेबीज वैक्सीनेशन, स्टेरलाइजेशन एवं डी-वॉर्मिंग की प्रक्रिया के लिए भेजा गया।

### कुत्तों की बढ़ती संख्या पर लगेगी लगाम

अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान किसी भी पशु को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि मानव सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। स्टेरलाइजेशन से आवारा कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती संख्या पर नियंत्रण होगा, एंटी रेबीज वैक्सीनेशन से रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम होगी तथा डी-वॉर्मिंग से कुत्तों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। इससे भविष्य में कुत्तों के काटने की घटनाओं और संक्रमण के खतरे में भी कमी आएगी।

### कुत्तों के काटने से कई लोग घायल

नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि कई वार्डों में रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड राहगीरों का पीछा करते हैं तथा कई बच्चों और नागरिकों को काटने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। ऐसे में नगर पंचायत द्वारा शुरू किया गया यह अभियान समय की आवश्यकता है। नागरिकों ने मांग की कि इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं ताकि नगर में सुरक्षित, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण कायम रहे।

# 10 मामले में 20 लाख 17 हजार 387 रुपए का सेटलमेंट

- धमतरी, कुरूद एवं नगरी में स्पेशल लोक अदालत का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशनानुसार स्पेशल लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी एवं व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी में हुआ।

लोक अदालत का शुभारंभ छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी न्यायाधीश ऑनलाइन शामिल हुए। मुख्य न्यायाधिपति ने पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए शुभकामनाएं दी। धमतरी जिला में रामकुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद एवं नगरी में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (यू/एसए 138 एनआई एक्ट) के मामलों पर स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायालय में लंबित धारा 138 एनआई एक्ट के 10 मामले में 20,17,387 रूपए का सेटलमेंट किया गया।

# सेवा में बीता चालीहा महोत्सव का 39 दिन

- जिला चिकित्सालय में फल वितरित, गौवंश को केला, गुड़ व रोटी खिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चालीहा महोत्सव के 39 वें दिन मरीजों को फल वितरण किया गया। गौवंश को केला, गुड़ व रोटी खिलाई गई। सत्संग में संतों की वाणी सुनकर लोग भाव विभोर हुए। अंताक्षरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था।

श्री प्रेमप्रकाश आश्रम धमतरी में श्री प्रेमप्रकाश मण्डल के संस्थापक आचार्य सद्गुरु टेऊंराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव पर आयोजित चालीहा महोत्सव का 39 वां दिन सेवा कार्यों को समर्पित रहा। सुबह 11.30 बजे जिला चिकित्सालय में संत लोकेश के सानिध्य में गुरु भक्तों द्वारा लगभग 200 रोगियों को फलों से भरी थैलियां प्रदान की गई।



संध्या 4.30 बजे रायपुर रोड स्थित माता गोविंदी देवी गौशाला में संतजी के साथ बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने गौ माताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं केला, खीरा, लौकी, गुड़ एवं रोटी इत्यादि अपने हाथों से खिलाया। रात्रि 8:30 बजे सत्संग सभा में विभिन्न कार्यक्रम हुए। 39वें दिन के कार्यक्रम का आयोजन अमरापुरवासी माता कृष्णादेवी वाधवानी के पुत्र नानकराम, नाती सौरभ लालवानी एवं पोते लाभम वाधवानी परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### भगवान रक्षा करें तो कोई हानि नहीं पहुंचा सकता

सत्संग में स्वामी टेऊंराम चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद महिलाओं एवं पुरुषों के मध्य अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई। तत्पश्चात गुरुवर स्वामी भगत प्रकाश महाराज की आज्ञा से धर्मशाला हिमाचल प्रदेश से छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान धमतरी पधारे संत यश साईं द्वारा सत्संग प्रवचन किया गया। उन्होंने कहा कि जिसकी रक्षा भगवान स्वयं करते हैं, उसे दुनिया की कोई भी ताकत हानि नहीं पहुंचा सकती लेकिन यह तभी संभव है जब भक्त को भगवान पर पूर्ण अटूट विश्वास हो।

### स्पीड ब्रेकर के लिए 20 जुलाई को अंवरी में चक्काजाम

**अंवरी।** ग्राम अंवरी के ग्रामीणों एवं ग्राम विकास समिति ने मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग को लेकर 20 जुलाई को शांतिपूर्ण चक्काजाम करने की सूचना प्रशासन को दी है। ग्रामीणों ने एसडीएम कुरूद को पत्र सौंपकर बताया है कि मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार मांग किए जाने के बावजूद स्पीड ब्रेकर का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से ग्राम अंवरी के बजरंग चौक में शांतिपूर्ण चक्काजाम किया जाएगा। इसकी सूचना एसडीएम के साथ-साथ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, तहसीलदार एवं बिरेझर चौकी को भी दी गई है।

## अंचल की खबरें

### प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को खिलाई खीर, पूड़ी



**कुकरेल(धमतरी)।** प्राथमिक शाला देवगांव के प्रधानपाठक राजेश कुमार साहू ने अपने जन्मदिन पर छात्र-छात्राओं को खीर, पूड़ी और गुलाबजामुन खिलाया। विद्यार्थियों को कापियां प्रदान कीं।

### बिरगुड़ी में छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा नवमी की पात्र 37 छात्राओं को साइकिल बांटी गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष डाकेंद्र कश्यप, सरपंच अमृतलाल नाग, उपाध्यक्ष अनीता मरकाम, ग्राम समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, टांगापानी सरपंच यशवंत मंडावी, डोमार साहू, विजय घुडैसी, राजेश कश्यप, दुर्गेश समुन्द, संगीता ध्रुव सीएचओ, पूर्णिमा कौशल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी। इससे छात्रों की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमएस कुरूं, स्कूल स्टाफ, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 8 लीटर महुआ शराब के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

**नगरी।** ग्राम कुकरेल में आबकारी विभाग की टीम ने एक आरोपी के कब्जे से करीब 8 लीटर महुआ शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन के मार्गदर्शन तथा आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर ग्राम कुकरेल निवासी थनेश्वर निषाद पिता पुरुषोत्तम निषाद के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान 16 पाउच महुआ शराब, जिसकी कुल मात्रा लगभग 8 लीटर थी, बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक विवेक कुमार दीवान, आबकारी आरक्षक प्रशांत यादव, भूषण वर्मा, अरविंद नेताम, नीरज चंद्राकर तथा महिला आरक्षक सोमी पालेश्वर का योगदान रहा।



### नई पुलिस अधीक्षक से बढ़ते अपराधों पर कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष मिलाप साहू के साथ प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पाण्डेय को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद संगठन ने जिले में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में बढ़ रही गांजा तस्करी, अवैध शराब तस्करी, जुआ-सट्टा, चाकूबाजी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। भीम आर्मी ने गोकुलपुर से भटगांव के मध्य मार्ग पर लगातार हो रही लूटपाट, चाकूबाजी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए इस क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी अथवा पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग की।

# कुंडेल स्कूल में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डेल (मधुबन) में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने पर ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की है। कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यालय में अंग्रेजी, भौतिकी, भूगोल, वाणिज्य और संस्कृत विषय के शिक्षकों का अभाव है। भौतिकी, संस्कृत और वाणिज्य विषय के पद पहले से रिक्त हैं, जबकि अंग्रेजी और भूगोल के व्याख्याताओं के आकस्मिक निधन के बाद अध्यापन व्यवस्था और प्रभावित हो गई है। इस कारण कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है तथा परीक्षा की तैयारी में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं धरना-प्रदर्शन करने के साथ विद्यालय में तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपन के दौरान बसंत कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कुण्डेल, गणेश राम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, राजेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, डीहू राम साहू, लकेश्वर साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### माध्यमिक शाला भटगांव में 50 पौधे रोपे गए



**धमतरी।** गायत्री परिवार के वृक्ष गंगा अभियान अंतर्गत माध्यमिक शाला परिसर भटगांव में 50 पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। लगाये गये पौधों में अशोक, नीम, गुलमोहर, करंज एवं आंवला प्रमुख है। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि पौधरोपण पुण्य एवं परमार्थ का कार्य है। पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदुषण मुक्त रखकर स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पेड़ पौधे धरती माता का श्रृंगार है। शिक्षक टीआर साहू ने छात्रों को पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। गोविंद मीनपाल ने पौधरोपण कार्य की व्यवस्था की। मौके पर राजकुमार साहू, एलके यादव, कौशल साहू, हेमसिंग कंवर, सरपंच फागूराम साहू, दुष्यंत साहू, टीआर सिन्हा, प्रधानपाठक श्रीमती रीना देवांगन, टीआर साहू, राकेश सोनबेर, लीना मण्डावी, भारती यादव, कोमल पदमवार समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नवपदस्थ एसपी से मिले बजरंग दल के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने गौ संरक्षण, जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित गौ तस्करी, तथा लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे विषयों पर अपनी चिंताएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। कार्यकर्ताओं ने इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए



कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कानून के दायरे में रहकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर छग बजरंग दल के विभाग मंत्री रंजीत साहू, जिला उपाध्यक्ष कैलाश केशवानी, जिला मंत्री रितेश मिश्रा, जिला सह संयोजक, देवेंद्र साहू, जिला सहमंत्री ओमप्रकाश साहू, जिला गौ सेवक प्रमुख टोकेश साहू, जिला सुरक्षा प्रमुख कुंजबिहारी साहू, धमतरी नगर संयोजक मोंटू ध्रुव, प्रखण्ड गौ रक्षा प्रमुख उमेश साहू, प्रखंड सहसंयोजक गौतम महिलांगे, प्रखंड मंत्री मिथिलेश साहू मौजूद थे।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शिक्षा में नवाचार के लिए हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया सम्मानित

# आकाशगिरी को स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के व्याख्याता आकाशगिरी गोस्वामी को राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिष्ठित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि समूह थे। अध्यक्षता संजय अग्रवाल शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं उद्यमी ने की। विशेष अतिथि डॉ चितरंजन कर भाषाविद, डॉ पूर्णानंद मिश्रा राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के अध्यक्ष एवं डॉ प्रज्ञा सिंह राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक थे। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों के संवर्धन तथा समाजोपयोगी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया।

ज्ञात हो कि श्री गोस्वामी लंबे समय से विद्यालयीन शिक्षा को रचनात्मक एवं व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने रासेयो, रेडक्रॉस के माध्यम से युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, वैज्ञानिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वच्छता, रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता तथा राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर प्रभावी जनजागरण अभियान संचालित किए हैं। रंगमंच, नाटक, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने में उनका योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा है।

श्री गोस्वामी ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, सहकर्मी शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। एक शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके विद्यार्थियों की सफलता और उनके उज्ज्वल भविष्य में निहित होता है

इस उपलब्धि पर प्राचार्य टीआर नागवंशी, सरपंच उमेश नेताम, उपसरपंच सुरेश सिन्हा, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष रोहित साहू, व्याख्याता डॉ. बीएल चंद्राकर, अमित महोबे, यशोदा सिन्हा, भारती आर्या, सतीश तुर्रे, प्रतिमा यदु, संध्या ध्रुव, एचएम दीनबंधु सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, एसबी जायसवाल, डायमंड गुरुपंचायन, मंजुलता साहू, संदीप सिन्हा ने हर्ष जताया है।

## भाजपा सरकार के नेतृत्व में बस्तर नक्सल मुक्त हो रहा है : हेमराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी हेमराज सोनी ने कहा कि छग में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में बस्तर तेजी से नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है। श्री सोनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के एक विधायक द्वारा नक्सली नेता हिड़मा के एनकाउंटर में मारे जाने पर संवेदना व्यक्त करना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हिड़मा पर अनेक पुलिस जवानों तथा सैकड़ों आदिवासियों की हत्या के गंभीर आरोप रहे हैं। ऐसे व्यक्ति के प्रति सहानुभूति प्रकट करना शहीद जवानों और पीड़ित परिवारों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पहले बस्तर के अनेक गांव नक्सल आतंक से प्रभावित थे और लोग भय के माहौल में जीवन बिताने को मजबूर थे, जबकि आज सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से ग्रामीण स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचा रही है, जिससे विकास की नई तस्वीर सामने आ रही है। श्री सोनी ने आगे कहा कि दरभा घाटी हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल सहित कई नेताओं की हत्या भी नक्सलियों ने की थी। ऐसे में हिड़मा के प्रति सहानुभूति जताना अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

## सेवानिवृत्त व्याख्याता ने 140 विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग

**कुरूद**। नगर के पुराना बाजार स्थित बालक एवं कन्या प्राथमिक शाला में सेवानिवृत्त व्याख्याता ऋषि कुमार आमदे ने शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 140 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ा। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री आमदे ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और समाज का दायित्व है कि वह बच्चों को प्रारंभ से ही शिक्षा के प्रति प्रेरित करे।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य मे विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है? तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

